3

तारीख हुक्म	हुक्म मय कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **प्रकरण संख्या :– 72 / 2021** **प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22/3/22	पत्रावली पेश हुई। पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड एवं रिपोर्ट तहसीलदार झुन्झुनू का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया। तहसीलदार झुन्झुनू ने अपनी रिपोर्ट में अंकित किया है कि ग्राम भडौन्दा कला के खसरा नम्बर 783 व 784 में रबी की फसल कास्त होने के कारण मौका रिपोर्ट नाप तौल किया जाना संभव नहीं है। पत्रावली के अवलोकन से यह तथ्य जाहिर है कि पुरानी नक्शा सीट के खसरा नम्बर 311 जिनके नये खसरा नम्बर 783 व 784 बने हैं। नक्शा सीट दुरूस्ती किये जाने से आस पास के अन्य खसरों का क्षेत्रफल प्रभावित होता है। इन खसरों के खातेदारों को प्रार्थना पत्र में पक्षकार नहीं बनाया गया है, जो कि प्रार्थना पत्र में आवश्यक पक्षकार हैं। अतः प्रभावित आवश्यक पक्षकारों के असंयोजन के कारण प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट पोषणीय नहीं होने के कारण खारिज किया जाता है। पत्रावली फैशल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। उप खण्ड अधिकारी झुन्झुनू (राज.)	